आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 205 | उज्जैन, सोमवार 16 जून 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर से लाडली बहनों के खाते में अंतरित करेंगे राशि

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन और सिलेंडर रिफिलिंग की राशि भी करेंगे अंतरित



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 16 जून को जबलपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र बरगी के ग्राम बेलखेड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की 1करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रूपये अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किश्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रूपये की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रूपए की राशि, 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 39.14 करोड़ रुपए की राशि तथा मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना में 6 हजार 821 श्रमिक परिवारों की 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का भी सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण करने के साथ ही लगभग 22 करोड़ 44 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। इनमें 15 करोड़ 09 लाख रुपये की लागत के पाँच निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा 7 करोड़ 43 लाख रुपये के तीन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

## पुणे के पास इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहा, इस हादसे में कुछ लोगों के बह जाने की आशंका है



नई दिल्ली (एजेंसी)। रविवार को पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना एक पुल ढह गया। पुल के ढह जाने से कई पर्यटकों के डूबने की आशंका है। यह घटना कुंडमाला में हुई, जो एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। जहां मानसून के दौरान काफी संख्या में पर्यटक आते हैं। एनसीपी विधायक सुनील शेलके ने कहा कि दुर्भाग्य से दो पर्यटकों की जान चली गई है। इसके अलावा चार से पांच लोगों को बचा लिया गया है। एनडीआरएफ की टीमें यहां तैनात की गई हैं।

पुणे ब्रिज हादसे में 2 की मौत- डीसीपी विशाल गायकवाड़ (जोन 2, पिंपरी चिंचवाड़) ने बताया कि झील और झरने के पास बना एक पुराना लोहे का पुल दोपहर 3ः30 से 4ः30 बजे के बीच ढह गया। शुरुआती जानकारी के अनुसार, दो लोगों की मौत हो गई है और 6-7 अन्य घायल हो गए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। एनडीआरएफ की टीम पहुंच गई है और बचाव अभियान चला रही है।

बचाव अभियान जारी- पुलिस ने बताया कि मावल तहसील के कुंदमाला इलाके के पास हुई इस घटना के बाद अब तक तीन लोगों को बचा लिया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ की टीमें घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रही हैं।

## ईरान और इज़राइल के बीच भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच तेहरान में भारतीय दूतावास ने रविवार को भारतीय नागरिकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की। दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर हॉटलाइन नंबर और संपर्क जानकारी साझा की, ताकि आपातकाल में भारतीय नागरिक मदद की मांग कर सकें।

इससे पहले दूतावास ने भारतीय नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की थी। शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया, ईरान की मौजूदा हालत को देखते हुए सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों से गुजारिश है कि वे सतर्क रहें, गैर-जरूरी सफर से बचें, दूतावास के सोशल मीडिया अकाउंट्स को फॉलो करें और स्थानीय प्रशासन की सलाह के मुताबिक सावधानियां बरतें।

दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन संपर्क नंबर जारी किए हैं - कॉल और व्हाट्सएप के लिए- +98 9128109115, +98 9128109109

## दुनिया में बैलिस्टिक मिसाइलें बनाने की होड़,भारत के पास अग्नि 5 बैलिस्टिक मिसाइल



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान और इजरायल के बीच शुरू हुआ ताजा संघर्ष के बाद से दुनिया एक बार फिर युद्ध के दोराहे पर आकर खड़ी हो गई है। ईरान ने इजरायल पर 40 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं, जिन्हें इजरयल के एंटी डोम सिस्टम ने तबाह कर दिया।


वैसे तो दुनिया के 31 देश अपने पास बैलिस्टिक मिसाइल होने का दावा करते हैं, लेकिन भारत, चीन, अमेरिका और रूस जैसे कुछ ही देशों के पास ऐसी अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें यानी आईसीबीएम हैं।

रूस के पास सबसे खतरनाक मिसाइल- आईसीबीएम मतलब वो मिसाइलें, जिनकी मारक क्षमता 5500 किलोमीटर से ज्यादा है। इस रेंज में एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप में स्थित किसी देश को निशाना बनाया जा सकता है। हालिया संघर्ष ने एक बार फिर बैलिस्टिक मिसाइलों को लेकर नए सिरे से बहस छेड़ दी है।

इस वक्त रूस के पास दुनिया की सबसे खतरनाक और लंबी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है। इसे आरएस-20वी कहते हैं। इसी का दूसरा नाम एसएस-18 है। इसकी रेंज 10,200 से 16000 किलोमीटर है।

चीन और अमेरिका में टक्कर - रूस के बाद चीन और अमेरिका के पास दुनिया की दूसरी सबसे लंबी रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल मौजूद है। चीन के डीएफ-5ए है, जो पहली पीढ़ी के सिलो-बेस्ड, लिक्विड फ्यूल्ड आईसीबीएम डीएफ-5 का ही अपग्रेडेड वर्जन है। इसकी रेंज करीब 13000 किलोमीटर है।

## भारत को एफ-35 बेचना चाहते हैं डोनाल्ड ट्रंप



नई दिल्ली (एजेंसी)। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत करते ही भारत को अपना एफ-35 एयरक्राफ्ट बेचने की पेशकश कर दी थी। एफ-35 पांचवीं पीढ़ी का अमेरिका का सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान है, जो केवल चुनिंदा या फिर कहें कि अमेरिका के करीबी देशों के पास ही मौजूद है।

इन देशों में ब्रिटेन, इजयरायल, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। अगर भारत इस एयरक्राफ्ट को खरीदने के लिए तैयार हो जाता है, तो भारत भी उन चुनिंदा देशों की लिस्ट में शामिल हो जाएगा। हालांकि भारत और अमेरिका के बीच एफ-35 की खरीद के लिए अब तक कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है।

क्यों खास है एफ-35- एफ-35 पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान है। ये सिंगल सीट, सिंगल-इंजन स्टील्थ मल्टीरोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है, जो हवाई हमले, उड़ने में उत्कृष्ट, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर और इंटेलीजेंस जुटाने वाले मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके तीन वैरिएंट हैं। पहला वैरिएंट एफ-35ए है, जो कन्वेंशनल टेकऑफ और लैंडिंग के लिए डिजाइन किया गया है। दूसरा वैरिएंट एफ-35बी है, जो शॉर्ट टेकऑफ और वर्टिकल लैंडिंग के लिए बना है। वहीं तीसरा वैरिएंट एफ-35सी कैरियर बेस्ड ऑपरेशन के लिए डिजाइन है। एफ-35 को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह रडार को आसानी से चकमा दे पाता है।

## अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर तुर्किये ने दी सफाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद विमान हादसे ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। विमान दुर्घटना की जांच चल रही है। इसी बीच योगगुरू बाबा रामदेव ने इस हादसे को लेकर एक ऐसा बयान दिया है, जिसकी काफी चर्चा हो रही है।

बाबा रामदेव ने कहा था कि मुझे ये पता चला है कि तुर्किये की एक एजेंसी, (टर्किश टेक्निक) विमानों में मेंटेनेंस का काम करती है, कहीं तुर्किये ने तो इसके जरिए दुश्मनी नहीं निकाली, कहीं उसने तो कोई साजिश नहीं रची है। मुझे पता चला है कि तुर्किये की एक एजेंसी विमान के मेंटेनेंस का काम करती है।

# हर क्षेत्र में अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर रही है महाराष्ट्र की पाटोदा ग्राम पंचायत



नई दिल्ली (एजेंसी)। 2047 तक देश को विकसित बनाने का जो संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चल रहे हैं, कुछ गांव उस संकल्प की नींव के पत्थर के रूप में दिखते हैं। महाराष्ट्र की यह कुछ ग्राम पंचायतें निश्चित ही उत्तर भारत के राज्यों के लिए प्रेरणा बन सकती हैं किस तरह से यह गांव अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से देश के लिए मिसाल बन गए।

सुशासन की पाठशाला- यह वाकई दिलचस्प है कि जहां नेटवर्क समस्या के कारण मोबाइल पर बात करना आसान नहीं था, वह आदिवासी ग्राम पंचायत रोहिणी ई-गवर्नेंस में देश का पहला पुरस्कार जीतती है। वहीं, मराठवाड़ा की पाटोदा- गंगापुर ग्राम पंचायत तो ऐसा अद्वितीय उदाहरण है कि किसी भी राज्य या निकाय के लिए सुशासन की पाठशाला बन जाए।

छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) जिले की ग्राम पंचायत पाटोदा की कुल आबादी 3350 है। इस पंचायत ने उन सुधारों की दिशा में कई दशक पहले काम शुरू कर दिया था।

डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन - यह महाराष्ट्र सरकार के ग्राम पंचायत ब्रांड एम्बेसडर भाष्कर राव पेरे पाटिल का गांव है, जहां स्वच्छता अभियान 1972 से चल रहा है और 2007 में ही यह खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) घोषित हो गया था। तभी से यहां डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन है।

गांव में सीवर लाइन कवरेज शत-प्रतिशत है और अपने स्तर से उस गंदगी को शोधित करने के बाद ही नदी में छोड़ते हैं। इस गांव ने केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन से पहले ही घर-घर न सिर्फ नल से जल पहुंचा दिया, बल्कि हर नल पर मीटर लगा है। कोई कचरे में पालिथीन न फेंके, इसलिए उसे 15 रुपये प्रति किलो की दर से ग्राम पंचायत ही खरीदती है।

कहां से आता है पैसा- स्वाभाविक सवाल है कि इतना पैसा कहां से आता है? तो जवाब है कि जल कर के अलावा प्रत्येक घर कम से कम चार हजार रुपये संपत्ति कर प्रति वर्ष देता है। टैक्स देने के प्रति ग्रामीण उत्साहित हों, इसके लिए उन्हें पंचायत की ओर से हर दिन वाटर एटीएम से 20 लीटर आरओ वाटर, पांच लीटर एल्कलाइन वाटर, आटा पिसाई, दाल-मसालों की पिसाई आदि की सुविधा निश्शुल्क की दी जाती है।

# पश्चिमी एशिया में एक बार फिर जंग की जद में है



नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिमी एशिया में एक बार फिर जंग की जद में है। ईरान और इजरायल के बीच हालिया तनाव अब खुली जंग में तब्दील हो चुकी है। इस बीच, यूक्रेन की जंग से खुद को अलग करने की कोशिश में लगा अमेरिका भी अब इस आग में खिंचता चला जा रहा है।

इजरायल ने तेहरान पर हवाई हमले किए, जिसके बाद हालात बेकाबू हो गए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले तो ईरान के परमाणु मुद्दे के लिए सुलह की बात की थी, लेकिन इजरायल के हमले ने सब गुड़-गोबर कर दिया। अब अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा है, लेकिन क्या वह इस जंग में पूरी तरह कूदेगा?

ट्रंप की पार्टी के नेता दे रहे इजरायल का साथ- रिपब्लिकन लीडर माइक जॉनसन ने कहा कि इजरायल का कदम सही है और उसे अपनी हिफाजत का हक है। सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने 13 जून को बयान दिया कि अगर सुलह की कोशिशें नाकाम हुईं, तो अमेरिका को इजरायल की हर मुमकिन मदद करनी चाहिए।

इजरायल, ईरान के परमाणु ठिकानों को तबाह करने की जुगत में है और चाहता है कि अमेरिका अपनी ताकतवर जंगी जहाज इस मिशन में शामिल करे। लेकिन ट्रम्प अभी दुविधा में हैं कि क्या जंग को खत्म करें या अमेरिका को एक नई लंबी लड़ाई में झोंक दें?

हालांकि बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन-रूस जंग में अमेरिका को झोंकने के लिए जो बाइडेन प्रशासन की आलोचना की थी।

अमेरिकी कर रहा गुपचुप मदद

अमेरिका अभी पर्दे के पीछे से इजरायल की मदद कर रहा है। उसकी फौजी वायु रक्षा प्रणाली ने इजरायल को ईरानी हमलों से बचाया। 13 जून को अमेरिकी जंगी जहाज ने ईरानी मिसाइलों को मार गिराया। अमेरिका का सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) शायद ईरानी बैलिस्टिक मिसाइलों की निगरानी में इजरायल की मदद कर रहा है। लेकिन, अमेरिका अभी पूरी जंग के लिए तैयार नहीं।

मई में उसने अपने दो विमानवाहक जहाज़ों में से एक को इलाके से हटा लिया था। डिएगो गार्सिया में तैनात स्टील्थ बी-2 बमबार जहाज़ों को भी पुराने बी-52 से बदल दिया गया था। ईरान के साथ बातचीत के रास्ते भी अब बंद होते दिख रहे हैं।

ईरान को कैसे लगा इतना बड़ा झटका - 14 जून की एक खबर के मुताबिक, एक ईरानी अफसर ने अमेरिका-ईरान बातचीत को बेमानी करार दिया।

# इजरायल-ईरान सैन्य संघर्ष बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल-ईरान सैन्य संघर्ष बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुका है। गुरुवार रात से ही दोनों देशों की ओर से ड्रोन हमले हो रहे हैं। अमेरिका ने कहा कि इजरायल की ओर से किए जा रहे हमले में उसकी कोई भूमिका नहीं है।

कई देशों ने मध्यस्थता की पेशकश भी की है। इसी बीच द जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने ओमान और कतर से मध्यस्थता करने की अपील की है। ईरान चाहता है कि अमेरिका के साथ परमाणु वार्ताएं फिर से शुरू हो और इजरायली हमलों को रोका जाए।



इजरायल ने ईरान के गैस फील्ड को किया तबाह- पिछले तीन दिनों में हुए सैन्य संघर्ष में ईरान को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है। इजरायल ने ईरान में मौजूद दुनिया की सबसे बड़े गैस फील्ड पर हमला किया। हमले के बाद प्रोडक्शन साइट पर आग धधक उठी। सरकार को गैस प्रोडक्शन पर रोक लगानी पड़ी। पिछले तीन दिनों के दौरान ईरान के 138 लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, इजरायली सेना की कार्रवाई में 9 वैज्ञानिकों की भी मौत हो गई है।

इस सैन्य कार्रवाई ने दुनिया को दो हिस्सों में बांट कर रख दिया। एक तरफ जहां ज्यादातर इस्लामिक देश ईरान के साथ खड़े हैं वहीं, कई देश इजरायल के साथ खड़े हैं।

इजरायल ने ईरान पर क्यों किया हमला- इजरायल ने इस कार्रवाई ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है। इजरायल और अमेरिका, दोनों देश किसी भी हालत में ईरान को परमाणु कार्यक्रम में सफल होते नहीं चाहते।

इजरायल ने दावा किया है कि अगर ईरान परमाणु बम बनाने में सफल हो जाएगा तो यह इजरायल के लिए खतरा साबित होगा। इजरायल का कहना है कि ईरान अपने परमाणु हथियार का इस्तेमाल इजरायल को अस्तित्व से मिटाने के लिए उपयोग कर सकता है।

# एलन मस्क का एक्स हुआ डाउन




नई दिल्ली (एजेंसी)। एलन मस्क का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स शनिवार को कई अमेरिकी यूजर्स के लिए डाउन हो गया था। यह अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है। आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट Downdetector.com के अनुसार अमेरिका की कई लोग चाहकर भी एक्स का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं।

6 हजार से ज्यादा लोगों ने की शिकायत- Downdetector.com की मानें तो शाम 06-07 बजे से एक्स डाउन हो गया है, लेकिन कुछ ही यूजर्स के लिए। लगभग 6,700 लोगों ने एक्स के डाउन होने की शिकायत दर्ज की है। डाउनडिटेक्टर के ये नंबर यूजर्स के द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर हैं। हालांकि, वास्तविक आंकड़ें इससे भी कई गुना ज्यादा हो सकते हैं।

पहले भी डाउन हो चुका है एक्स- बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब इतने बड़े स्तर पर एक्स डाउन हुआ है। इससे पहले मई 2025 में कई देशों में एक्स डाउन हो गया था। वहीं, मार्च में भी एक्स आउटेज देखने को मिला था, जिसके पीछे एलन मस्क ने साइबर अटैक होने का दावा किया था।

# सैन्य संघर्ष के बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने बेटे की शादी को स्थगित किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। हमास के बाद इजरायल ने ईरान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले तीन दिनों से इजरायल ने ईरान पर ताबड़तोड़ ड्रोन हमले किए। ईरान से सैन्य संघर्ष के बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बेटे की शादी को कथित तौर पर स्थगित कर दी है।

टाइम्स ऑफ इजरायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू के बेटे अवनेर नेतन्याहू सोमवार को अपने साथी अमित यार्डेनी से शादी करने वाले थे।

नेतन्याहू के परिवार की हुई थी आलोचना- कुछ दिनों पहले इजरायली प्रधानमंत्री और उनके परिवार की काफी आलोचना हुई थी। दरअसल, नेतन्याहू और उनके परिवार की कुछ तस्वीरें वायरल हुई थी, जिसमें देखा गया था कि वे सभी हॉलिडे मूड में दिख रहे थे।

कई लोगों ने आलोचना की कि एक तरफ जहां अभी भी गाजा में इजरायली नागरिक बंधक बने हुए हैं, वहीं, दूसरी तरफ इजरायली प्रधानमंत्री अपने परिवार के साथ हॉलिडे मना रहे हैं।

# नाइजीरिया के सेंट्रल बेन्यू स्टेट के येलेवाटा गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी



नई दिल्ली (एजेंसी)। नाइजीरिया के सेंट्रल बेन्यू स्टेट के येलेवाटा गांव में एक दिल दहलाने वाली घटना घटी। इस गांव में बंदूकधारियों ने कम से कम 100 लोगों की हत्या कर दी। एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एमनेस्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस घटना की जानकारी देते हुए कहा कि अभी भी कई लोग लापता हैं। दर्जनों घायल हैं। कई परिवारों को उनके कमरों में बंद कर जिंदा जला दिया गया है।

चरवाहों और किसानों के बीच चल रहा संघर्ष

नाइजीरिया के मिडिल बेल्ट में स्थित बेन्यू राज्य का उत्तर क्षेत्र मुस्लिम बहुल और दक्षिण क्षेत्र ईसाई बहुल इलाके में बंटा हुआ है। इस क्षेत्र में चरवाहों और किसानों के बीच जमीन के इस्तेमाल को लेकर लंबे समय से संघर्ष चल रहा है।

# राफेल को लेकर पाकिस्तान के दावे पर डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन ने की टिप्पणी



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद हुई सैन्य कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान के झूठ का हर दिन पर्दाफाश हो रहा है। पाकिस्तान ने दावा किया था कि सैन्य कार्रवाई के दौरान उसकी सेना ने दो राफेल विमान को गिराया है। पाकिस्तान के झूठे दावे पर फ्रांसीसी एयरोस्पेस कंपनी डसॉल्ट एविएशन के चेयरमैन और ष्टश्वह्र एरिक ट्रापियर ने टिप्पणी की है। एक इंटरव्यू में एरिक ट्रापियर ने कहा कि भारतीय पक्ष ने इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है, इसलिए घटना की सटीक परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं है।


गौरतलब है कि एरिक ट्रापियर ने साफ तौर पर कहा कि पाकिस्तान का तीन राफेल विमानों को गिराने का दावा पूरी तरह गलत है।

F-35 से बेहतर है राफेल- एरिक- इंटरव्यू के दौरान एरिक ने राफेल की ताकत की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि राफेल दुनिया के सबसे बेहतरीन मल्टी-रोल फाइटर जेट्स में शामिल है। इतना ही नहीं उन्होंने ये भी कहा कि यह फाइटर जेट स्न-35 और चीनी लड़ाकू विमानों से बेहतर है।

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी युद्ध में फाइटर जेट का उद्देश्य शून्य नुकसान नहीं बल्कि अपने लक्ष्य को हासिल करना है। द्वीतीय विश्व युद्ध में भी मित्र देशों ने सैनिक खोए थे। इसका यह मतलब नहीं कि वो हार गए।

एरिक ने कहा कि राफेल भले ही अमेरिकी फाइटर जेट F-22 जैसे विमानों के मुकाबले कमजोर हैं, लेकिन एयर टू एयर, एयर टू ग्राउंड, परमाणु हमलों और समुद्री विमानवाहक पोतों पर काम करने के लिए यह फाइटर जेट एक शानदार विकल्प है।

# इजरायल-ईरान टकराव पर पुतिन की ट्रंप से वार्ता



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल और ईरान के बीच अब तनाव बढ़ गया है। इस बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से 50 मिनट तक बात की। व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप से ईरान के खिलाफ इजरायली सैन्य अभियान की निंदा की और इसके बढ़ने के जोखिमों के बारे में चिंता व्यक्त की। क्रेमलिन ने इसकी जानकारी दी।

पुतिन ने पश्चिम एशिया तनाव पर जताई चिंता- क्रेमलिन ने बताया कि व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के खिलाफ इजरायली सैन्य अभियान की निंदा की और पश्चिम एशिया में संघर्ष के बढ़ने की संभावना के बारे में गंभीर चिंता व्यक्त की। पुतिन ने ट्रंप से कहा कि इजरायल के हमलों का मध्य पूर्व में पूरे हालात पर अप्रत्याशित परिणाम होगा।

क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने संवाददाताओं को बताया कि ट्रंप ने मध्य पूर्व में घटनाओं को बहुत चिंताजनक बताया। लेकिन दोनों नेताओं ने कहा कि वे ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के रास्ते पर लौटने से इनकार नहीं करते।

ओमान में होने वाली अमेरिका-ईरान वार्ता रद - उशाकोव ने कहा कि अमेरिकी वार्ताकार ईरानी प्रतिनिधियों के साथ आगे की बातचीत करने के लिए तैयार हैं, जिसमें ओमान मध्यस्थ होगा। हालांकि ओमान में रविवार को होने वाली नवीनतम वार्ता रद कर दी गई है।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर एअरबस के सीसीओ ने दिया बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद बोइंग पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे में बोइंग की प्रतिद्वंद्वी कंपनी एअरबस ने पहली बार प्लेन क्रैश पर बयान दिया है। एअरबस के सीसीओ का कहना है कि प्रतिस्पर्धा से पहले सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

एअरबस के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर क्रिश्चियन शेरर का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा सबकुछ है। भारत में हुए हादसे को हम प्रतिस्पर्धा के नजरिए से नहीं देख सकते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार क्रिश्चियन शेरर ने कहा- यह हम सभी के लिए एक रिमाइंडर है, एविएशन इतना सुरक्षित है कि इस तरह की दुर्घटना को किसी भी तरह स्वीकार नहीं किया जाएगा।

प्लेन क्रैश में 241 लोगों की मौत- बता दें कि अहमदाबाद में हादसे का शिकार हुआ एअर इंडिया का विमान AI 171, बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर मॉडल था। 12 जून की दोपहर 230 पैसेंजर्स, 10 क्रू मेंबर्स और 2 पायलट के साथ इस विमान ने उड़ान भरी और चंद सेकेंड में प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे में 241 लोगों की जान चली गई। शुरुआत में प्लेन क्रैश की वजह इंजन का फेल होने बताया जा रहा था। हालांकि अभी विमान हादसे की सही वजह पता नहीं चली है।

बोइंग ने जांच में सहयोग का दिया भरोसा अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद बोइंग के सीईओ केली ऑर्टबर्ग ने अपनी पेरिस की उड़ान रद कर दी थी। उन्होंने प्लेन हादसे की जांच में मदद का हाथ बढ़ाया था।

केली ने कहा- सुरक्षा हमारी इंडस्ट्री की नीव है और हम जो कुछ भी करते हैं सुरक्षा को ध्यान में रखकर करते हैं।

## गर्मी की छुट्टी 15 दिन बढ़ी, बच्चों को आराम, शिक्षकों की मुश्किल



नई दिल्ली (एजेंसी)। भीषण गर्मी व 44 डिग्री तापमान के चलते शासन ने कक्षा आठ तक के सभी विद्यालयों का ग्रीष्मावकाश बढ़ा दिया है। हालांकि यह ग्रीष्मावकाश की बढ़ोतरी सिर्फ छात्र-छात्राओं के लिए ही की गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शिक्षकों इस अवधि में 16 जून से समय से विद्यालय जाकर विद्यालयी अन्य कार्य निपटाने होंगे। हालांकि शासन स्तर से शिक्षकों ने भी सीएम तक गुहार लगानी शुरू कर दी है।

जिसमें शिक्षकों का कहना है कि एक ओर जहां सरकार गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी करके सुरक्षित रहने की बात कह रही है तो दूसरी ओर बिना विद्यालयों में पढ़ाई के स्कूल जाना व बैठने का निर्देश शिक्षकों की सेहत पर विपरीत प्रभाव डाल सकता है। जनपद में जिला बेसिक सहित सभी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 21 मई से लागू हो गया था। जिसके बावजूद विद्यालयों में ताला नहीं लटक पाया। कारण था कि शासन ने परिषदीय विद्यालयों में भी प्राइवेट की तर्ज पर समर कैंप संचालित किए जाने के निर्देश लागू कर दिए थे।

## हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने संतोष कुमार सुमन, इन नेताओं को भी मिली बड़ी जिम्मेदारी




नई दिल्ली (एजेंसी)। हिंदुस्तान आवाम मोर्चा सेकुलर (हम) की राष्ट्रीय परिषद की बैठक रविवार को होटल आरआर ग्रांड में आयोजित की गई।

बैठक में शामिल केंद्रीय मंत्री सह पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार के लिए परिषद की बैठक हुई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करना है। उन्होंने कहा कि बांका में संगठन की स्थिति मजबूत नहीं रहने पर यहां बैठक बुलाई गई। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को जोश और तकनीकी सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। अनुसूचित जाति की स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए मंत्री ने कहा कि हमारी आबादी पहले से अधिक है, लेकिन मतदाता सूची में नाम उससे कम हैं।

जिसके चलते जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के संवैधानिक सिद्धांत से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आज से ही मतदाता सूची में नाम जोड़ने का अभियान प्रारंभ करने की अपील की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेताओं में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनने के लिए लड़ाई हो रही है। पर एनडीए गठबंधन के लोग विकास की बात करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार ने बिहार सहित पूरे देश को उन्नति की राह पर लाकर खड़ा किया है।

# कर्नाटक के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश



नई दिल्ली (एजेंसी)। मॉनसून ने देश के कई राज्यों में दस्तक दे दी है। कर्नाटक में भी बीते दिन दोपहर से मूसलाधार बारिश देखने को मिल रही है। मौसम विभाग ने दक्षिण कन्नड़ जिले समेत कर्नाटक के तटीय इलाकों में भरी बारिश की चेतावनी जारी की है।

मेंगलुरु के कई निचले इलाकों में बड़े स्तर पर जलभराव देखने को मिल रहा है। सड़कें पानी से लबालब भरी हैं, जिससे इलाके में बड़े स्तर पर ट्रैफिक जाम लग गया है।

अधिकारियों के अनुसार, भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। कार स्ट्रीट, लोअल बेंडूर और कोट्टारा जैसे कई इलाकों में सड़क पर पानी भर गया है। जलभराव के कारण एक बस भी अचानक से खराब हो गई। ऐसे में यात्रियों ने धक्का देकर बस को किनारे लगाया।

कर्नाटक को बारिश से नहीं मिलेगी राहत- पडित रेलवे अंडरपास और कार स्ट्रीट के कई हिस्सों में बाढ़ के हालाक बनने से लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। कई निचले इलाकों में स्थिति यह है कि बारिश का पानी लोगों के घरों में घुसने लगा है। वहीं, कर्नाटक को अभी बारिश से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं।

मौसम विभाग के अनुसार पिछले 3 दिन से द्रक्ष ने कई जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, कर्नाटक के कई इलाकों में घने बादल छाए रहने के साथ-साथ भारी बारिश की संभावना है। खासकर दक्षिण कन्नड़ जिले में द्रक्ष ने तेज बारिश की चेतावनी जारी की है। यह रेड अलर्ट 16 जून तक जारी रहेगा।

# आकाश दुधे के द्वारा शिपिंग कंटेनर से बनाया गया आलीशान घर



नई दिल्ली (एजेंसी)। मकान बनाने के लिए मनपसंद जगह तलाशना मुश्किल है। जगह मिल भी जाए तो जमीन की कमी और जमीन मिल जाए तो बनाने की लागत ज्यादा होती है। इन सबसे निजात दिलाने के लिए युवा आर्किटेक्ट आकाश दुधे ने शिपिंग कंटेनरों (जिससे जहाजों में माल भेजा जाता है) के साथ नवाचार किया है। इससे उन्होंने घर, कार्यालय और रेस्तरां बना दिए हैं।

छह साल पहले आकाश को एक ग्राहक ने अपनी आवश्यकता बताई। उन्होंने समाधान तलाशना शुरू किया। उसी दौरान उन्होंने स्क्रैप से अद्भुत संभावनाओं की खोज की। जिस परियोजना का काम उन्हें मिला, वह एक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र था।

4 महीने में तैयार हुई परियोजना आकाश ने जहां इसे बनाया, वह भूमि पट्टे की थी, जिसका अर्थ यह था कि यदि आवश्यक हो तो परियोजना को स्थानांतरित किया जा सके। चार महीनों के भीतर यह परियोजना तैयार हो गई और नवाचार के रूप में स्थापित हो गई। औरंगाबाद में अधिकांश समय सूखा और गर्म मौसम रहता है। ऐसे में आसपास हरियाली कम नजर आती है। शुष्क मौसम की वजह से रंगों का भी अभाव है। ऐसे में कंटेनरों को मनपसंद रंग में रंगकर माहौल में रंग भरा जा सकता है। आर्किटेक्ट आकाश दुधे ने छह साल पहले शिपिंग कंटेनरों का एक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र तैयार कर एक नया माडल प्रस्तुत किया था। शिपिंग कंटेनरों का उपयोग न केवल किफायती है, बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल भी है। मजबूत निर्माण सामग्री आकाश मुंबई स्थित जवाहरलाल नेहरू पोर्ट से अनुपयोगी कंटेनर लेते हैं। आकाश बताते हैं-बेशक सामान्य घरों और कंटेनरों की निर्माण प्रक्रिया में थोड़ा अंतर जरूर है। आपको यह भी सुनिश्चित करना होगा कि छत से पानी का रिसाव नहीं हो रहा है। यदि आपको ओवरहैंग या छत के लिए डबल लेयर स्थापित करने की आवश्यकता है, तो करें।

# प्रशिक्षण में जितना पसीना बहाएंगे, जीवन में उतना कम खून बहेगा : योगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त पुलिसकर्मियों से कहा कि प्रशिक्षण में जितना पसीना बहाएंगे, जीवन में उतरा कम खून बहाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले राज्य में होने वाली पुलिस कार्मिकों की भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था, लेकिन अब पैसे और सिफारिश पर नौकरी मिलना बीते जमाने की बात हो गई है। उत्तर प्रदेश में अब योग्यता के आधार पर युवाओं को पूरी पारदर्शिता से सरकारी नौकरियां मिल रही हैं। पुलिस भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया।

लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में रविवार को आयोजित नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्ति पत्र वितरण के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई है। अकेले पुलिस में करीब सवा दो लाख भर्तियां की गई हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की सबसे बड़ी और सफल पुलिस भर्ती को लेकर गर्व जताया। पुलिस भर्ती और शासन व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का कुशल नेतृत्व ही उत्तर प्रदेश की सफलता का मूल कारण है। हमारी सरकार की सभी वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने की जोरदार कोशिश जारी है। राज्य में बिना किसी भेदभाव के कामकाज हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब यूपी में भेदभाव रहित और पारदर्शी भर्ती प्रणाली लागू है। 2017 से पहले भर्तियों में भाई-भतीजावाद का चलन था। अब बिना भेदभाव और पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरी में भर्ती करवाई जा रही है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल षष्ठमी

## संपादकीय

# बड़े बुजुर्गों के एक- एक शब्द हीरे मोती के तुल्य हैं....



वैश्विक स्तरपर भारत के हमारे बड़े बुजुर्गों की जो कहावतें हैं, वह आदिलोक आदिकाल की हैं, परंतु हम आज के युग में भी और अपनी अगली पीढ़ियों में भी देखेंगे तो यह बिल्कुल फिट बैठती है। बड़े बुजुर्गों के एक- एक शब्द हीरे मोती के तुल्य हैं, बस पहचानने वाले जौहरी वाली नज़र की ज़रूरत है। अगर हम गहराई में जाकर उन कहावतों और शब्दों के अर्थों को अपने जीवन में ढाल दिया तो साथियों दुखों की हिम्मत नहीं, असफलताओं की ताकत नहीं,जो हमारी ओर करवट बदल सके, बस जरूरत है हिम्मत, जज्बे, संकल्प की। सफलता तुम्हारे आगे सर झुकाए खड़ी होगी।आज हम उन वैचारिकताओं के एक अंश, बड़े बुजुर्गों की कहावतों पर चर्चा करेंगे। वैसे तो कहावतें बहुत हैं जैसे दाने-दाने को मोहताज, ढाक के तीन पात, बुरी नजर वाले तेरा मुंह काला, घर का भेदी लंका ढाए, बंद मुट्ठी लाख की खुल गई तो फिर खाक की सहित हजारों कहावतें हमें मिलेगी पर आज हम चर्चा,÷तू अपनी खूबियां ढूंढ, कमियां निकालने के लिए लोग हैं÷।÷अगर रखना ही है कदम तो आगे रख, पीछे खींचने के लिए लोग हैं÷ इस कहावत पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम, हतोत्साहित वह नुक्ताचीनी करने वाले चंद लोगों की करे तो,यह बिल्कुल कहावत सच बैठती है कि जिंदगी के नियम भी कबड्डी के खेल जैसे ही हैं। आपके सफलता की लाइन को टच करते ही लोग आपके पैर खींचने लगते हैं,जिसका मूल कारण द्वेष, प्रतिपक्ष में आत्मविश्वास की कमी, नकारात्मकता, मेहनत की कमी, अपने आप को यूसर्टिफाई करने की चाहत, अनकॉन्शियसली इंटेंशन, अपना स्टेटस बनाए रखना, कुदृष्टि और समाज में अपनी प्रतिष्ठा कम होने का डर इत्यादि के कारण है कि ऐसे लोग, किसी दूसरे अपने समकक्ष या प्रतिद्वंदी व्यक्ति को या तो सफल नहीं होने देते या सफलता की सीढ़ी पर पहुंचने के बाद उसके पैर खींचने में अपनी ताकत लगा देते हैं,ऐसा सदियों से युगा युगांतर से होता आया है।हर क्षेत्र में चाहे वह राजनीति, शिक्षा, सरकारी, गैर सरकारी, सामाजिक, सहकारिता, इत्यादि हर क्षेत्र में हमें कहीं ना कहीं दो व्यक्तियों, अनेक व्यक्तियों, समूह, दो गुटों, में टांगें खींचने की प्रथा होती आई है। सफलता के पैर खींचने की यह प्रथा राष्ट्रीय ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी है। आए दिनों हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसका नजारा देख रहे हैं कि, एक देश की नजर विश्व का ताज पहनने की चाहत की ओर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोविड- 19 फैलाने के आरोप के बाद उसकी अब इस साजिश पर दुनियाँ हैरान, है,अमेरिका को भूख मारने का था प्लान-फंगस के ज़रिए,अनाज,खाद्य पदार्थ, फसलों को बर्बाद करना था प्लान।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो अभी के ही रिसेंटली दिनों में भी राजनीतिक, खेल जगत सहित अनेक क्षेत्रों में बड़े-बड़े केस इसी की परिणति है कि अपनी प्रतिष्ठा, पद और स्थान बनाए रखने के लिए अनेक क्षेत्रों में हत्या राजनीति जगत में गंभीर आरोप हम सब देख रहे हैं। जो दूसरों के सफलता की सीढ़ी पर पहुंचने के कारण खुद के पद,मान, प्रतिष्ठा छीनने का डर जिन्हें होता है। वही इस तरह से सफल व्यक्ति के विरोध में यह काम करते हैं। एक इंसान की आदतें ही यह तय करती हैं कि वह अपनी ज़िंदगी में कितना सफल बनेगा और कितना आगे जाएगा द्य हर व्यक्ति सफल होना चाहता है पर हर किसी को सफलता नहीं मिलती द्य किसी इंसान की गलत आदतें उसको नाकामयाबी के अंधेरे में डुबा देती और उसी जगह अच्छी आदतें उस इंसान को कामयाबी की ऊँचाइयों तक पहुँचा देती हैं।


# चित्तरंजन दास



चित्तरंजन दास महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिनका जीवन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में युगांतकारी था। चित्तरंजन दास को प्यार से देशबंधु (देश के मित्र) कहा जाता था। ये महान राष्ट्रवादी तथा प्रसिद्ध विधि-शास्त्री थे। चित्तरंजन दास अलीपुर षड़यंत्र काण्ड (1908 ई.) के अभियुक्त अरविन्द घोष के बचाव के लिए बचाव पक्ष के वकील थे। असहयोग आंदोलन के अवसर पर इन्होंने अपनी वकालत छोड़ दी थी। 1921 ई. में अहमदाबाद में हुए कांग्रेस के अधिवेशन के ये अध्यक्ष थे। ये स्वराज्य पार्टी के संस्थापक थे। इन्होंने 1923 में लाहौर तथा 1924 में अहमदाबाद में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की अध्यक्षता भी की थी।

जीवन परिचय- चित्तरंजन दास का जन्म 5 नवंबर, 1870 को कोलकाता में हुआ था और वह तत्कालीन ढाका ज़िले में तेलीरबाग़ के एक उच्च मध्यवर्गीय वैद्य परिवार से थे। उनके पिता भुबन मोहन दास कोलकाता उच्च न्यायालय में एक जाने माने वकील थे। ब्रह्म समाज के एक कट्टर समर्थक देशबंधु अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और पत्रकारीय दृष्टिकोण के लिए जाने जाते थे। चित्तरंजन दास कलकत्ता उच्च न्यायालय के विख्यात वक़ील थे, जिन्होंने अलीपुर बम केस में अरविन्द घोष की पैरवी की थी।

राजनीति में प्रवेश- चित्तरंजन दास ने अपनी चलती हुई वकालत छोड़कर गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लिया और पूर्णतया राजनीति में आ गए। उन्होंने विलासी जीवन व्यतीत करना छोड़ दिया और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सिद्धान्तों का प्रचार करते हुए सारे देश का भ्रमण किया। उन्होंने अपनी समस्त सम्पत्ति और विशाल प्रासाद राष्ट्रीय हित में समर्पण कर दिया। वे कलकत्ता के नगर प्रमुख निर्वाचित हुए। उनके साथ सुभाषचन्द्र बोस कलकत्ता निगम के मुख्य कार्याधिकारी नियुक्त हुए। इस प्रकार श्री दास ने कलकत्ता निगम को यूरोपीय नियंत्रण से मुक्त किया और निगम साधनों को कलकत्ता के भारतीय नागरिकों के हित के लिए उन्हें नौकरियों म ें अधिक जगह देकर हिन्दू-मुस्लिम मतभेदों को दूर करने का प्रयास किया। इन्हें भी देखें- असहयोग आंदोलन



अध्यक्ष- चित्तरंजन दास सन् 1922 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष नियुक्त हुए, लेकिन उन्होंने भारतीय शासन विधान के अंतर्गत संवर्द्धित धारासभाओं से अलग रहना ही अथवा उसे नष्ट करने का प्रयत्न किया जाए। यह एक प्रकार से सहयोग की नीति थी। स्वराज्य पार्टी ने शीघ्र ही धारासभाओं में बहुत सी सीटों पर क़ब्ज़ा कर लिया।

निधन- बंगाल और बम्बई की धारासभाओं में तो यह इतनी शक्तिशाली हो गई कि वहाँ द्वैध शासन प्रणाली के अंतर्गत मंत्रिमंडल तक का बनना कठिन हो गया। श्री दास के नेतृत्व में स्वराज्य पार्टी ने देश में इतना अधिक प्रभाव बढ़ा लिया कि तत्कालीन भारतमंत्री लार्ड बर्केनहैड के लिए भारत में सांविधानिक सुधारों के लिए चित्तरंजन दास से कोई न कोई समझौता करना ज़रूरी हो गया लेकिन दुर्भाग्यवश अधिक परिश्रम करने और जेल जीवन की कठिनाइयों को न सह सकने के कारण श्री चित्तरंजन दास बीमार पड़ गए और 16 जून, 1925 ई. को उनका निधन हो गया।

शोक- चित्तरंजन दास की मृत्यु के फलस्वरूप ब्रिटिश सरकार से वार्ता की बात समाप्त हो गई और भारतीय स्वाधीनता की समस्या के शान्तिमय समाधान का अवसर नष्ट हो गया। चित्तरंजन दास के निधन का शोक संम्पूर्ण देश में मनाया गया। सारे देशवासी उन्हें प्यार से देशबंधु कहते थे। उनके मरने पर विश्वकवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने उनके प्रति असीम शोक और श्रद्धा प्रकट करते हुए लिखा-

एनेछिले साथे करे मृत्युहीन प्रान।
मरने ताहाय तुमी करे गेले दान।।

# बिड़ला के दामाद की इस कंपनी के शेयर ऑल टाइम हाई पर, डिविडेंड देने में भी अव्वल



नई दिल्ली (एजेंसी)। आमतौर पर एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि आप जिस कंपनी के प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं, आपको उन्हीं कंपनियों में इन्वेस्ट करना चाहिए। आज आपको एक ऐसी फूड कंपनी के शेयर्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में आपने जरूर सुना होगा। इतना ही नहीं, उसका पिज़्ज़ा भी आपने कभी ना कभी जरूर खाया होगा।

हम बात कर रहे हैं फूड कंपनी- जुबिलेंट फूडवर्क्स की, जिसके शेयर ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। ये एक ऐसी कंपनी है जो अपने शेयर होल्डर्स को लाभांश यानी डिविडेंड देने में अव्वल मानी जाती है। बता दें, जुबिलेंट फूडवर्क्स के एक प्रमोटर श्याम सुंदर भरतिया हैं, जो रिश्ते में बिड़ला परिवार के दामाद हैं।

कंपनी ने Q4FY25 में मजबूत बिक्री के साथ शानदार प्रदर्शन दिखाया, जिससे इसकी बाजार पूंजी 44,965.15 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। आइए, जानते हैं कि यह कंपनी निवेशकों को क्यों आकर्षित कर रही है और डिविडेंड के मामले में कैसे अव्वल है?

कितना डिविडेंड देती है कंपनी- जुबिलेंट फूडवर्क्स के Q4FY25 के नतीजे बताते हैं कि कंपनी ने 2,103.18 करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल की तुलना में 33.64त्न ज्यादा है। हालांकि, शुद्ध लाभ 49.34 करोड़ रुपए रहा, जो 3.91त्न कम है, लेकिन मजबूत बिक्री वृद्धि ने इसे संतुलित किया।

कंपनी का रिटर्न ऑन कैपिटल एम्प्लॉइड यानी ROCE 12.86% है, जो इसके प्रभावी पूंजी उपयोग को दर्शाता है। इसके अलावा, कंपनी 26.6त्न का बेहतरीन डिविडेंड का भुगतान कर रही है।

तुर्की और भारत में नए स्टोर खोलने की योजना- रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी का प्राइस टू अर्निंग यानी P/E रेश्यो 197.30 है, जो यह बताता है कि बाजार इसके भविष्य पर भरोसा कर रहा है। हाल के महीनों में कंपनी ने तुर्की और भारत में नए स्टोर खोलने की योजना बनाई है, जिससे विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं। इसके शेयर की तुलना में अन्य कंपनियों जैसे nited Spirits (P/E 64.83) और Metro Brands (P/E 94.46) का इवैल्यूशन कम है, फिर भी Jubilant की परफॉर्मेंस बेहतरीन है।

## स्मार्ट मीटरिंग कंपनी जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने शेयर बाजार में बीते कुछ सालों के दौरान शानदार प्रदर्शन किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। स्मार्ट मीटरिंग कंपनी जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने शेयर बाजार में बीते कुछ सालों के दौरान शानदार प्रदर्शन किया है। इस कंपनी के पास 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत का वर्क ऑर्डर है। अगले 3 से 4 महीने में तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक और वेस्ट बंगाल में 27,300 करोड़ रुपये का टेंडर खुलने जा रहा है। बता दें, इस कंपनी के प्रदर्शन को लेकर 2-2 एक्सपर्ट्स बुलिश हैं।

मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरों पर नजर रखने वाले 2 एक्सपर्ट्स ने इसे OutPerform की रेटिंग दी है। दोनों ब्रोकर ने इस स्टॉक को BUY टैग दिया है। बता दें, इस कंपनी की वित्तीय स्थिति भी काफी मजबूत है।

जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का रेवन्यू मार्च तिमाही के दौरान 937 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 420 करोड़ रुपये रहा था। यानी रेवन्यू के मोर्चे पर 123.10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। जनवरी से मार्च 2025 के दौरान इस कंपनी का नेट प्रॉफिट 316.13 प्रतिशत बढ़ा है। जोकि एक वित्त वर्ष पहले इसी तिमाही में यह 31 करोड़ रुपये रहा है। बता दें, जनवरी से मार्च 2025 के दौरान इस कंपनी का नेट प्रॉफिट 129 करोड़ रुपये रहा था।

## माइनिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी वेदांता लिमिटेड अपने शेयर होल्डर्स को एक बार फिर डिविडेंड दे सकती है




नई दिल्ली (एजेंसी)। माइनिंग सेक्टर की दिग्गज कंपनी वेदांता लिमिटेड अपने शेयर होल्डर्स को एक बार फिर डिविडेंड दे सकती है। आगामी 18 जून को वेदांता के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बड़ी मीटिंग होने वाली है। जिसमें डिविडेंड के बारे में चर्चा हो सकती है। वेदांता ने एक एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी है।

कंपनी की ओर से कहा गया है कि अगर 18 जून को डिविडेंड की घोषणा होती है तो उसके लिए रिकॉर्ड डेट 24 जून होगी। ऐसे में यह माना जा रहा है कि इस तारीख तक कंपनी के रिकॉर्ड में जिन शेयर होल्डर्स का नाम दर्ज होगा, उन्हें डिविडेंड का फायदा मिल सकता है।

24 जून से पहले शेयर खरीदने पर फायदा !

खास बात यह है कि अगर आप भी वेदांता के डिविडेंड का फायदा उठाना चाहते हैं तो आपको 24 जून से पहले कंपनी के शेयर खरीदने होंगे। हालांकि, अगर आप 23 जून के बाद कंपनी के शेयर खरीदते हैं तो आपको डिविडेंड के लिए एलिजिबल नहीं माना जाएगा। दरअसल, शेयर्स की ट्रेडिंग का सेटलमेंट एक दिन बाद होता है। आसान शब्दों में कहें तो अगर आप 24 जून को शेयर खरीदते हैं तो आपका सेटलमेंट 25 जून को होगा। यानी 24 जून को शेयर खरीदने वाले निवेशकों का नाम 25 जून को दर्ज होगा, जिससे वे डिविडेंड पाने के लिए अयोग्य साबित हो जाएंगे।

वेदांता ने कब-कब दिया डिविडेंड- माइनिंग सेक्टर वाली कंपनी वेदांता ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अपने शेयर होल्डर्स को 35 रुपए का कुल अंतरिम डिविडेंड जारी किया था। इससे पहले कंपनी ने मई 2024 में 11 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड जारी किया था। जबकि अगस्त 2024 में 4 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड दिया था।

रिपोर्ट्स की मानें तो कंपनी ने सितंबर 2024 में 20 रुपए प्रति शेयर और दिसंबर 2025 में 8.50 रुपए प्रति शेयर का डिविडेंड जारी किया था।

## हजारों करोड़ रुपए की हेराफेरी करने वाले ब्लूस्मार्ट टैक्सी के जग्गी ब्रदर्स के ऊपर कानूनी शिकंजा




नई दिल्ली (एजेंसी)। हजारों करोड़ रुपए की हेराफेरी करने वाले ब्लूस्मार्ट टैक्सी के जग्गी ब्रदर्स अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी के ऊपर कानूनी शिकंजा कसने लगा है। उनकी फ्लैगशिप कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने की याचिका को नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की मंजूरी मिल गई है। इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (इरेडा) ने अपने 510 करोड़ रुपए कर्ज की वसूली के लिए हृष्ट्रुख्रञ्ज की अहमदाबाद बेंच में यह याचिका दायर की थी।

IREDA ने अपनी याचिका में दावा किया था कि जेनसोल इंजीनियरिंग ने पांच अलग-अलग लोन फैसिलिटीज (कुल 863.30 करोड़) के तहत दिए गए लोन का भुगतान नहीं किया है। इनमें इलेक्ट्रिक व्हीकल फ्लीट लीजिंग और सोलर प्रोजेक्ट्स के लिए लिए गए लोन शामिल हैं। IREDA ने कहा कि कंपनी ने 31 मार्च, 19 अप्रैल और 12 मई 2025 को किस्तों का भुगतान नहीं किया, जिसके बाद उसने डिमांड नोटिस जारी किए।

वहीं, जेनसोल इंजीनियरिंग ने याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि डिफॉल्ट का दावा साबित नहीं होता। कंपनी ने अपनी वित्तीय स्थिरता का हवाला देते हुए कहा था कि उसका राजस्व और लाभ पिछले वर्षों में बढ़ा है।

## अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साल 2024 में क्रिप्टो गोल्फ क्लब्स लाइसेंसिंग और अन्य कारोबारों से 5175 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की



नई दिल्ली (एजेंसी)। क्या आपने कभी सोचा था कि क्रिप्टोकरेंसी और गोल्फ किसी राष्ट्रपति की कमाई का बड़ा जरिया बन सकते हैं? नहीं ना, लेकिन ये सच है कि दुनिया के सबसे ताकतवर देश के राष्ट्रपति ने क्रिप्टे और गोल्फ क्लब को अपनी कमाई का जरिया बना लिया है। उन्होंने जो एक साल में कमाई की, उससे भारत में भोपाल एम्स जैसे दो हॉस्पिटल बन सकते हैं।

हम बात कर रहे हैं- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की। ट्रंप ने हाल ही में एक फाइनेंशियल रिपोर्ट में खुलासा किया है कि उन्होंने साल 2024 में क्रिप्टो, गोल्फ क्लब्स, लाइसेंसिंग और अन्य कारोबारों से 600 मिलियन डॉलर (5175 करोड़ रुपए) से ज्यादा की कमाई की है। शुक्रवार यानी 13 जून को जारी की गई एनुअल फाइनेंशियल रिपोर्ट में न केवल ट्रंप के बड़े बिजनेस एंपायर की एक झलक पेश की, बल्कि उनकी कमाई के सोर्स पर भी सवाल खड़े कर दिए।

क्रिप्टो ने कैसे बढ़ाई ट्रंप की संपत्ति- ट्रंप ने क्रिप्टो करेंसी में भारी निवेश किया है, जिसने उनकी संपत्ति को तेजी से बढ़ाया। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब ट्रंप ने डिजिटल करेंसी में रुचि दिखाई हो, लेकिन इस बार आंकड़े चौंकाने वाले हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि क्रिप्टो बाजार में उनके सट्टेबाजी ने उन्हें मुनाफे का बड़ा हिस्सा दिलाया। इस बीच यह भी सामने आया है कि ट्रंप ने अपने कारोबार को अपने बच्चों द्वारा संचालित एक ट्रस्ट में सौंप दिया है, ताकि उनकी आय का सीधा संबंध उनके राष्ट्रपति पद से न जोड़ा जा सके। फिर भी, यह कदम विवादों को जन्म दे रहा है, क्योंकि विशेषज्ञ इसे हितों के टकराव की संभावना मान रहे हैं।

गोल्फ क्लब्स और लाइसेंसिंग से भी मोटी कमाई- ट्रंप के गोल्फ रिसॉर्ट्स और लाइसेंसिंग डील्स ने भी उनकी आय में बड़ा योगदान दिया है।

## भारत अपनी जरूरत का 85 से 88% कच्चा तेल दूसरे देशों से आयात करता है




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत अपनी जरूरत का 85 से 88% कच्चा तेल दूसरे देशों से आयात करता है। हमारा देश कच्चे तेल का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा आयातक है। पहले नंबर पर अमेरिका तो दूसरे पर चीन हैं। ऐसे में देश के किसी हिस्से में कच्चे तेल का भंडार मिलना हमारे लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है। कच्चे तेल के भंडार को लेकर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने दी न्यू इंडियन को दिए इंटरव्यू में दावा किया कि हमारा देश अंडमान सागर में एक परिवर्तनकारी तेल भंडार की खोज के कगार पर है। यह हेस कॉर्पोरेशन और CNOOC द्वारा गुयाना में की गई विशाल खोज के समान है। गुयाना तेल भंडार के मामले में दुनिया में 17वें नंबर पर है। गुयाना के पास लगभग 11.6 बिलियन बैरल तेल और गैस का भंडार है।

ऐसे में भारत अगर अंडमान सागर में गुयाना के बराबर तेल भंडार को खोजने में कामयाब हो जाता है तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाने के मुद्दे ने एक नया राजनीतिक मोड़ ले लिया



ग्वालियर। उच्च न्यायालय की ग्वालियर खंडपीठ में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाने के मुद्दे ने एक नया राजनीतिक मोड़ ले लिया है। प्रतिमा स्थापना को लेकर न्यायालय में अब तक निर्णय नहीं हो पाया है, लेकिन शहर में अब संविधान निर्माण को लेकर एक नई बहस खड़ी हो गई है।बीएन राव की भूमिका को लेकर लगे होर्डिंग्स

शहर के प्रमुख चौराहों पर हाल ही में लगे होर्डिंग्स में संविधान निर्माण में डॉ. आंबेडकर की भूमिका पर परोक्ष रूप से सवाल उठाते हुए कर्नाटक के बीएन राव को प्रमुख शिल्पकार बताया गया है। इन होर्डिंग्स में साफ लिखा गया है कि संविधान निर्माण अनेक विभूतियों का योगदान है, फिर एक व्यक्ति का गुणगान क्यों? यह पोस्टर सामाजिक न्याय रक्षा मोर्चा ने लगाए गए हैं, जो पहले एट्रोसिटी एक्ट के विरोध में सामने आया था।

पोस्टर्स में डा. राजेंद्र प्रसाद, सरदार पटेल और बीएन राव की तस्वीरें इन होर्डिंग्स में डॉ राजेंद्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल और बीएन राव के छाया चित्र लगाए गए हैं। सवाल उठाया गया है कि संविधान के अनुच्छेदों को लिखने वाले बीएन राव जैसे बुद्धिजीवियों को क्यों भुला दिया गया? मोर्चा का दावा है कि लोगों को यह बताना जरूरी है कि संविधान किसी एक व्यक्ति का नहीं है। यह कई महान लोगों का संयुक्त योगदान है।

कांग्रेस और डीएमके की एंट्री से बदला माहौल इस पूरे विवाद में अब राजनीति पूरी तरह से प्रवेश कर चुकी है। भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी पहले से प्रतिमा विवाद को लेकर सक्रिय थे, लेकिन अब कांग्रेस, डीएमके और माकपा जैसी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों ने भी इसमें हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया है।शनिवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स में हुए सामाजिक न्याय सम्मेलन में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, डीएमके के राज्यसभा सदस्य पी. विल्सन और माकपा के प्रतिनिधियों ने मंच साझा किया।

दिग्विजय सिंह ने आरएसएस पर साधा निशाना पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंच से बोलते हुए बीएन राव के नाम पर उठी बहस को ÷आंबेडकर विरोधियों का नया प्रपंच÷ बताया। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले दिल्ली में एक कार्यक्रम में बीएन राव के छाया चित्र बांटे गए, जिसके बाद उन्होंने खुद गूगल पर राव के बारे में सर्च कर जानकारी जुटाई। उनका इशारा साफतौर पर आरएसएस की ओर था।

आजाद समाज पार्टी ने बनाई दूरी जहां एक ओर कांग्रेस और डीएमके ने मंच साझा किया, वहीं भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी ने इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। हालांकि, ये संगठन अब भी मूर्ति स्थापना को लेकर लगातार सक्रिय हैं। इसे दलित अस्मिता से जोड़कर देख रहे हैं।

लोगों को सच्चाई बताना जरूरी सामाजिक न्याय रक्षा मोर्चा के सचिव अमित दुबे का कहना है कि उनका उद्देश्य किसी की छवि को धूमिल करना नहीं है। लोगों को जागरूक करना है कि संविधान निर्माण में केवल डॉ. आंबेडकर ही नहीं, बल्कि बीएन राव जैसे कई अन्य विद्वानों का भी योगदान रहा है।

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट और गोलीबारी, महिला सहित 6 घायल




मुरैना। दिमनी थाना क्षेत्र के खुर्द गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस विवाद में एक पक्ष ने फायरिंग कर दी जिसमें गोली लगने से दो युवक घायल हुए। वहीं लाठी-डंडों से हुई मारपीट में महिला सहित तीन अन्य भी घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों पर कार्रवाई शुरू कर दी है।दो पक्षों में हुआ जमीन विवाद

खुर्द गांव निवासी सोवरन कुशवाह और मेवाराम कुशवाह के परिवार में पिछले एक साल से पीएम आवास के लिए आवंटित हुई जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बात पर रविवार को दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। पहले दोनों पक्षों में जमकर लाठियां चल गई, फिर सोवरन पक्ष की ओर से फायरिंग हो गई, जिसमें मेवराम के 35 वर्षीय बेटे करन सिंह कुशवाह की जांघ में गोली जा धंसी, वहीं दूसरी गोली करन सिंह के बड़े भाई कृष्ण कुमार के कान को छूते हुए निकली।

### *महिला सहित 6 लोग घायल*

इसके अलावा कृष्ण कुमार की पत्नी कमलेश को लाठियों से पीट-पीटकर घायल कर दिया। दूसरे पक्ष के सोवरन कुशवाह के तीन बेटे 30 वर्षीय बंटी कुशवाह,, 35 वर्षीय सोनू कुशवाह और 32 वर्षीय भारत कुशवाह घायल है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। गोली से घायल हुए करन सिंह कुशवाह को जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है। दिमनी थाना पुलिस ने दोनों पक्षों पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिजली कंपनी के मनमाने बिल से परेशान उपभोक्ताओं के लिए उपभोक्ता आयोग ने उम्मीद जगाई



भोपाल। बिजली कंपनी के मनमाने बिल से परेशान उपभोक्ताओं के लिए उपभोक्ता आयोग ने उम्मीद जगाई है। भोपाल के एक उपभोक्ता की शिकायत पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने बिजली मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को 15 हजार रुपया हर्जाना चुकाने का आदेश दिया है। औसत से पांच गुना ज्यादा आया बिल

दरअसल, हुजूर के मोरगा गांव निवासी नीलेश जोशी ने वर्ष 2022 में जिला उपभोक्ता आयोग में बिजली कंपनी के खिलाफ याचिका लगाई। उनका कहना था कि उनके घर में बिजली के सीमित उपकरण हैं। प्रत्येक माह उनका बिजली बिल 300 रुपये से 500 रुपये तक ही आता रहा है। मई 2022 में उनका बिल 1480 रुपये आया।

शिकायत की, लेकिन कार्यवाही नहीं परेशान होकर उन्होंने कंपनी में गलत रीडिंग की शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। बिजली कंपनी का तर्क था कि उपभोक्ता के यहां कभी भी विद्युत आपूर्ति कम नहीं की गई। बिजली खपत के अंतर के कारण बिल में बढ़ोत्तरी हुई है। उपभोक्ता को बिल मीटर रीडिंग और उपयोग के अनुसार ही दिया गया है।

नया बिल जारी करने का आदेश उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष गिरिबाला सिंह, सदस्य अंजुम फिरोज और प्रीति मुद्गल की बेंच ने कंपनी के तर्क को मानने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि उपभोक्ता की शिकायतों के संबंध में कार्यवाही न कर कंपनी ने सेवा में कमी की है। इस कारण वे वास्तविक खपत के साथ नया बिल जारी करें। मानसिक क्षतिपूर्ति के लिए 15 हजार रुपये भी देने का आदेश हुआ।

# दावत में हुई चाकूबाजी, चार घायल




रतलाम। शहर के हाट की चौकी अंतर्गत राजेंद्र नगर में ईद की दावत के दौरान दो पक्षों में विवाद के बाद चाकूबाजी हो गई। जिसमें दोनों ओर से दो-दो लोग घायल हुए है। विवाद का कारण दो सगी बहनों की आपसी रंजिश है। चाकूबाजी में एक पक्ष के राजा व साहिल और दुसरे पक्ष के इरफान व आबिद घायल हुए। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।नौ लोगों पर एफआइआर, एक पक्ष मेडिकल कॉलेज रेफर

हाट की चौकी प्रभारी मुकेश सस्तिया ने बताया की दो पक्षों के नौ लोगों पर एफआइआर दर्ज की है। राजेंद्र नगर निवासी 55 वर्षीय कमर जहां की शिकायत पर वसीम, शाहनवाज, आबिद, इरफान व इमरान पर एफआइआर दर्ज की है। दुसरी ओर राजेंद्र नगर निवासी आसिफा की शिकायत पर फिरोज खान, राजा घोसी, साहिल खान व अमन खान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. विवाद की स्थिति न बने इसलिए एक पक्ष को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

कमर जहां ने पुलिस को बताया कि मेरा और मेरी बहन आसिफा के घर की एक ही दीवार है। मेरी बहन आसिफा से हमारा पुराना विवाद होने से हमारी बातचीत नहीं है। शनिवार को मेरी बहन आसिफा के घर पर ईद की दावत थी। लालजी का बाग निवासी मेरी दुसरी बहन के बेटे भी दावत में आए हुए थे। शाम करीब आठ बजे मेरा पोता हाशिम खान दुसरी मंजील पर पढाई कर रहा था, जिसे देखकर आबिद ने मेरे पोते हाशिम को देखकर गालियां दी।

दोस्तों पर चाकू मारा, पोती को डंडे से कर घायल कियाहाशिम ने जब मना किया तो आबिद और उसका भाई वसीम और शहनवाज मेरे पोते हाशिम को मारने के लिये मेरे घर में घुस गए। मेरे पोते हाशिम के दोस्त साहिल खान व राजा घोसी घर के बाहर आ गए। साहिल व राजा को पकड़कर वसीम व आबिद ने मारा और चाकू से घायल कर दिया। मेरी पोती अमीरा व मुस्कान बीच-बचाव करने गई तो इरफान व इमरान ने अमीरा व मुस्कान के साथ डंडे से पीटा और घायल कर दिया। साहिल को पीठ व राजा का कमर में चोट आई है।

# लूट का आरोप निकला फर्जी

ग्वालियर। शिवपुरी लिंक रोड पर दिनदहाड़े महिला के साथ लूट की घटना की सूचना से पुलिस महकमे में खलबली मच गई। यहां एक महिला ने बाइक सवार तीन युवकों पर लूट का आरोप लगाया। इनका फोटो खुद महिला ने ही अपने मोबाइल से खींचा। पुलिस भी यहां पहुंची और पड़ताल शुरू की। जब महिला से बात की तो कहानी गड़बड़ लगी। फर्जी कहानी के पीछे का सच करीब एक घंटे की पड़ताल में कहानी फर्जी पाई गई। अब पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है कि आखिर उसने ऐसा क्यों किया। मूल रूप से नरवर की रहने वाली मुखी परिहार गुढ़ा-गुढ़ी का नाका क्षेत्र में किराये के घर में रहती है। महिला रविवार दोपहर करीब दो बजे शिवपुरी लिंक रोड पर किआ शोरूम के सामने से गुजर रही थी। यहां महिला ने तीन युवकों पर मारपीट और मंगलसूत्र व कान के बाले लूटने का आरोप लगाया।

महिला का क्या था आरोप? यहां भीड़ इकट्ठी हो गई। फिर पुलिस को सूचना दी गई। सीएसपी रोबिन जैन, कंपू थाना प्रभारी मदन मोहन मालवीय फोर्स के साथ यहां पहुंचे। महिला से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह मकान देखने के लिए गई थी। वह टेंपो में सवार होकर वापस आ रही थी। रास्ते में प्यास लगने पर वह उतर गई। इसके बाद बाइक पर सवार होकर आए तीन बदमाशों ने उसे पीटा और मंगलसूत्र व बाले लूट लिए।

कान देखकर पुलिस को हुआ शक पुलिस ने महिला के कान देखें तो इनमें कहीं भी खून नहीं था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अगर कान के बाले खींचे होते तो खून निकलता। उसने मंगलसूत्र लूटने की बात कही, जब उसके पुराने फोटो मोबाइल में देखें तो इसमें वह गले में मंगलसूत्र नहीं पहनी हुई थी। शक होने के बाद पुलिस ने आसपास लगे कैमरे की जांच की जिसमें भी ऐसी घटना नजर नहीं आई।



# इंदौर में कोरोना मामलों में तेजी, औसतन रोज मिल रहे 4 मरीज



इंदौर में बीते 24 दिनों में कोरोना संक्रमण के मामलों में अचानक वृद्धि देखने को मिली है। अब हर दिन औसतन चार नए कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आ रहे हैं। शनिवार को भी शहर में 8 नए मरीजों की पुष्टि हुई है। सभी मरीज इंदौर के ही निवासी हैं। इसके साथ ही इंदौर में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 112 तक पहुंच गई है, जिनमें से 100 मरीज इंदौर के हैं और बाकी 12 मरीज अन्य शहरों से संबंधित हैं। राहत की बात यह है कि संक्रमित मरीजों में लक्षण हल्के हैं। वर्तमान में 61 मरीज होम आइसोलेशन में हैं और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है, जबकि तीन मरीज अन्य बीमारियों के कारण निजी अस्पतालों में भर्ती हैं। 23 मई से यह सिलसिला लगातार जारी है और लगभग हर दिन नए कोरोना मरीज सामने आ रहे हैं।

अप्रैल में मिले पहले मरीज, फिर मई से शुरू हुआ सिलसिला- इस वर्ष इंदौर में सबसे पहले कोरोना के दो मरीज 22 अप्रैल को सामने आए थे, जिन्हें अरबिंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इनमें से एक 72 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उन्हें किडनी सहित अन्य गंभीर बीमारियां थीं। इसके बाद लगभग एक महीने तक कोई नया कोरोना मरीज नहीं मिला। फिर 23 मई को दो नए मरीज सामने आए, जिनमें से एक की केरल यात्रा की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद से हर दिन लगातार संक्रमित मरीज मिलते जा रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की चिंता बढ़ गई है।

मरीजों की यात्रा से जुड़ा है संक्रमण- अब तक मिले मरीजों की जांच करने पर यह सामने आया है कि अधिकतर संक्रमितों की ट्रेवल हिस्ट्री रही है। इनकी यात्रा यूके, सिंगापुर, मथुरा, उड़ीसा, बद्रीनाथ, केरल, गोवा, दिल्ली, मुंबई, पुणे, कोलकाता, सूरत, अहमदाबाद, रायपुर, रतलाम, उज्जैन, देवास जैसे शहरों से जुड़ी हुई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि बाहरी संपर्क से कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। इंदौर में कोरोना की जांच के लिए सरकारी स्तर पर एमवायएच और टीबी हॉस्पिटल में आरटीपीसीआर टेस्ट की सुविधा उपलब्ध है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में जांच की जा रही है।

घबराएं नहीं, सतर्क रहें- एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर के वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. वीपी पांडे ने कहा कि कोविड-19 के वेरिएंट हर साल बदल रहे हैं, लेकिन अब तक जो नए वेरिएंट सामने आए हैं, वे पहले की तुलना में अधिक घातक नहीं हैं। अधिकांश मामले हल्के लक्षणों वाले हैं और मरीज घर पर ही इलाज से ठीक हो जाते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से ग्रसित लोगों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

## सामान्य मुख समस्याओं की देखभाल हेतु आयुष विभाग का अभिनव प्रयास

इंदौर। मुख स्वास्थ्य को लेकर बढ़ती जागरूकता और परंपरागत उपचार पद्धतियों के जनहित में प्रचार-प्रसार को लेकर आयुष विभाग इंदौर ने एक उल्लेखनीय पहल की है। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जिले के 14 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ÷सामान्य मुख समस्याओं की देखभाल÷ विषय पर एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 873 से अधिक नागरिकों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

इस शिविर में ग्रामीणों के रक्तचाप, मधुमेह और हीमोग्लोबिन की जांच की गई। खास बात यह रही कि बच्चों को ब्रश करने की सही विधि और दांतों की देखभाल के प्रति सहज और व्यावहारिक ज्ञान भी दिया गया। ग्रामवासियों को कवल व गंडूष जैसे आयुर्वेदिक उपायों के बारे में बताया गया, जो मुख की सफाई और रोग निवारण में प्रभावी माने जाते हैं।

नीम, खैर और बबूल जैसी परंपरागत दातुनों के लाभ को रेखांकित करते हुए शिविर में लोगों को स्वदेशी और सुलभ विकल्पों को अपनाने की सलाह दी गई। तंबाकू, गुटखा और बीड़ी से होने वाले मुख कैंसर के खतरों पर भी प्रकाश डाला गया और जागरूकता सामग्री वितरित की गई। शिविर का एक अन्य प्रमुख आकर्षण रहा योग सत्र, जिसमें ग्रामीणों को दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

उन्हें यह भी बताया गया कि आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तहत विशेष योग शिविर में भाग लेना कैसे उनके स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो सकता है। इस आयोजन को सफल बनाने में चिकित्सकों, सीएमओ और पैरामेडिकल स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव का ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक कला संग्रहालय की स्वीकृति पर श्री श्रृंगेरी शारदा पीठम ने माना आभार

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में भव्य 'अद्वैत लोक कला संग्रहालय' के निर्माण के लिए 2195 करोड़ राशि स्वीकृत करने पर कर्नाटक के श्री श्रृंगेरी शारदा मठ प्रशासन ने आभार माना है। श्रृंगेरी शारदा पीठम के प्रशासक श्री पी.ए. मुरली ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित कैबिनेट बैठक में अद्वैत लोक संग्रहालय को एकात्मता के वैश्विक केन्द्र (ए ग्लोबल सेंटर ऑफ़ वननेस) के रूप में विकसित करने का निर्णय ऐसिहासिक है। श्री मुरली ने राज्य सरकार के प्रति गहन कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह प्रयास न केवल जगद्गुरु आदि शंकराचार्य की कालातीत शिक्षाओं को समर्पित एक भव्य स्मृति स्वरूप है, बल्कि समूचे विश्व में अद्वैत वेदांत के प्रकाश-स्तंभ के रूप में कार्य करेगा। श्री मुरली ने कहा ओंकारेश्वर में एकात्म धाम के अंतर्गत प्रथम चरण में 108 फीट ऊंची आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा (स्टैचू ऑफ़ वननेस) का लोकार्पण भी श्रृंगेरी मठ के वेदज्ञ पंडितों और विद्वानों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रृंगेरी मठ में आमंत्रित भी किया।

## असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिये प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर सम्पन्न



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य विभाग और अरविंदो मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएमराइज स्कूल नन्दा नगर में प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 762 लोगों का पंजीयन किया गया और विभिन्न विभागों द्वारा विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शिविर में कैंसर, टीबी, हड्डी, हार्ट, लीवर एवं गठिया रोग, दंत रोग एवं नेत्र रोगों आदि से जुड़ी लगभग 2600 से अधिक जाँचें की गई। इनमें मुख्य रूप से 134 ईसीजी, 129 फाइब्रोस्कैन, 378 एचबी, 393 आरबीएस, 333 एसजीपीटी, 333 एसजीओटी, 333 लिपिड प्रोफाइल, 122 ईको, 135 यूएसजी, 45 मैमोग्राफी, 42, 231 जनरल मेडिसिन, 154 कार्डियोलॉजी, 147 गैस्ट्रोलॉजी, 74 टीबी चेस्ट स्क्रीनिंग, 65 गायनेकोलॉजी, 43 पल्मोनरी, 94 रूमेटोलॉजी, 77 कैंसर स्क्रीनिंग, 118 डेंटल चेकअप, जाँचें विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठायें।


अरविंदो अस्पताल के चेयरमैन डॉ.विनोद भंडारी ने बताया कि प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर में विभिन्न जाँचों के दौरान ऐसे मरीजों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया जो पहले से ही किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं अथवा जिनके निकट भविष्य में किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने की संभावना है। शिविर में कैंसर, पेट से जुड़े रोग,नेत्र,दंत,जनरल मेडिसिन,हृदय रोग,लीवर और टीबी आदि रोगों की जाँच एवं इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर का उद्देश्य नागरिकों में रोगों की पूर्व पहचान कर समय पर उपचार की सुविधा देना था। आभा एवं आयुष्मान योजना के तहत भी सैकड़ों मरीजों का इलाज कर चिकित्सा परामर्श दिया गया।

## इंदौर संभाग में पंचायत से लेकर जिला स्तर तक होंगे सामूहिक योग के कार्यक्रम

इंदौर। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इस दिन योग पर आधारित अनेक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। साथ ही सामूहिक योग के कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों के आयोजन की तैयारियां व्यापक स्तर पर जारी हैं। इन्हीं तैयारियों के संबंध में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पंचायत से लेकर जिला स्तर तक सामूहिक योग के कार्यक्रम होंगे। जिलेवार मुख्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। बैठक में प्रभारी कलेक्टर श्री गौरव बैनल, संयुक्त आयुक्त विकास श्री डी.एस.रणदा, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश बैश्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने सभी अधिकारियों को आयोजन की तैयारियाँ निर्धारित दिशा निर्देशानुसार करने के निर्देश दिये। बताया गया कि योग के कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों, योग संस्थानों, एनसीसी, एनएसएस,पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों तथा नागरिकों की सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि इस बार संभाग के प्रमुख पर्यटक स्थलों पर भी योग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें मुख्य रूप से धार जिले में माण्डव स्थित जहाज महल के सामने तथा खरगोन जिले के महेश्वर में योग कार्यक्रम होंगे।

## विश्व योग दिवस पर योग गुरु हरिनारायण नामदेव का होगा सार्वजनिक सम्मान



इंदौर। विश्व योग दिवस के अवसर पर तुलसी नगर, सरस्वती धाम स्थित योगशाला में योग गुरु हरिनारायण नामदेव का सार्वजनिक सम्मान और विशेष योग साधना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री तुलसी सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में यह कार्यक्रम 20 जून को प्रातः 6ः00 से 7ः30 बजे तक माँ सरस्वती धाम में होगा। इस अवसर पर योग प्रेमी और क्षेत्रवासी एकत्रित होकर योग गुरु नामदेव के प्रति अपनी श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करेंगे। इस कार्यक्रम में योगगुरु राकेश चौधरी का भी सम्मान किया जाएगा।

सोसाइटी के संरक्षक के.के. झा, अध्यक्ष राजेश तोमर और संजय यादव ने बताया कि 79 वर्षीय योग गुरु हरिनारायण नामदेव पिछले पांच दशकों से इंदौर में योग को जन-जन तक पहुँचाने के लिए समर्पित भाव से कार्यरत हैं। तुलसी नगर में नियमित योग साधना की शुरुआत 20 वर्ष पूर्व उनकी प्रेरणा से हुई थी। इसके बाद हरिओम योग पीठ के संस्थापक योग गुरु रमेश पाटिल के मार्गदर्शन में तुलसी नगर में नवनिर्मित योगशाला स्थापित की गई, जहाँ योग गुरु प्रेम करो की अगुआई में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष योग साधक दैनिक योगाभ्यास करते हैं।

## मध्यप्रदेश में स्पेसटेक पर पहली उच्च स्तरीय हितधारक परामर्श बैठक सम्पन्न

इंदौर। मध्यप्रदेश को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा गत दिवस आईआईटी इंदौर में 'एमपी स्पेसटेक नीति परामर्श- अवसरों और चुनौतियों की खोज' विषय पर उच्च स्तरीय हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की गई। यह पहली बार है जब प्रदेश स्तर पर स्पेसटेक क्षेत्र के लिए रणनीतिक नीति निर्माण हेतु इतने व्यापक स्तर पर विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन आईआईटी इंदौर के अनुसंधान एवं विकास डीन प्रो. अभिरूप दत्ता द्वारा किया गया। निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने स्पेसटेक की व्यापक संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि स्पेसटेक केवल उपग्रह नहीं, बल्कि इंजीनियरिंग, डेटा, सामग्री विज्ञान और नवाचार का समन्वय है।

मुख्य वक्ता के रूप में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने नीति निर्माण की सहभागी दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि ÷स्पेसटेक नीति उन्हीं के साथ मिलकर बनेगी, जो इस क्षेत्र को आगे बढ़ा रहे हैं वैज्ञानिक, स्टार्टअप, छात्र और शिक्षक।

बैठक में इसरो, डीआरडीओ, आरआरसीएटी, एमसीटीई, सी-डॉट जैसे राष्ट्रीय संस्थानों, आईआईटी इंदौर सहित प्रमुख शैक्षणिक संगठनों, और अभ्युदय, स्पेक्ट्रागेज़, सोरिंग एयरोटेक जैसे अग्रणी निजी स्टार्टअप्स की भागीदारी रही। सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन, जियोस्पेशियल एंड स्पेस इंडस्ट्री काउंसिल एवं इन-स्पेस द्वारा भी विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में चर्चा के मुख्य विषय उज्जैन में ऑप्टिक्स और ऑप्टिकल कम्युनिकेशन क्लस्टर की स्थापना,सैटेलाइट ग्राउंड स्टेशन और क्षेत्रीय डेटा केंद्र,पेलोड व कम्पोनेंट्स का स्वदेशी निर्माण,साइबर सुरक्षा और कौशल विकास,स्टार्टअप्स हेतु प्रारंभिक नवाचार समर्थन आदि रहे।

यह ऐतिहासिक परामर्श एमपीएसईडीसी (मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम) द्वारा आयोजित किया गया। संस्था की मुख्य महाप्रबंधक सुश्री शिवांगी जोशी ने आयोजन में नेतृत्वकारी भूमिका निभाई। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग अगस्त 2025 तक 'मध्यप्रदेश स्पेसटेक नीति 2025' को अंतिम रूप देने हेतु अगले चरणों में सार्वजनिक परामर्श व विभागीय समीक्षा आयोजित करेगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 16 जून को लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित करेंगे राशि

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 16 जून को जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# पुण्य एवं सत्कर्म रुपी सम्पत्ति कमाएं, जो जीवन के साथ और जीवन के बाद भी काम आए, नाम करें- कृष्ण शर्मा



उज्जैन। युग निर्माण का सूत्र व्यक्ति निर्माण है। व्यक्ति निर्माण के लिए परमपूज्य गुरुदेव ने युग निर्माण सतसंकल्प के 17वें सूत्र में कहा है कि मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता आप है, इस विश्वास के आधार पर हमारी मान्यता है कि हम उत्कृष्ट बनेंगे और दूसरों को श्रेष्ठ बनाएंगे तो युग अवश्य बदलेगा। अतः उत्कृष्ट बनने और दूसरों को श्रेष्ठ बनाने के लिए परमार्थ के कार्य करने चाहिए। पुण्य एवं सत्कर्म रुपी सम्पत्ति कमाएं जो जीवन के साथ और जीवन के बाद भी काम आए, नाम करें।

यह आवाहन गायत्री परिवार के शिक्षा आंदोलन के समन्वयक कृष्णा शर्मा ने गायत्री शक्तिपीठ उज्जैन पर मासिक मिलन समारोह में एकत्र परिजनों से किया। प्रादेशिक समन्वयक राजेश पटेल ने इस अवसर पर परिजनों को बताया कि परम पूज्य गुरुदेव ने प्रचलित 16 संस्कारों के साथ दो नए संस्कार जन्म दिवस और विवाह दिवस चलाएं। यह दोनों संस्कार युगानुकूल हैं। भारतीय संस्कृति के अनुसार इन दोनों नये संस्कारों को मनाने की वैश्विक बिधि भी दी। इसीलिए समारोह के साथ माह जून में आ रहे परिजनों के जन्मदिन और विवाह दिवस यहां दीप यज्ञ के साथ सामूहिक रूप से मनाया जा रहे हैं।

समारोह के मुख्य अतिथि न्यायाधीश अनिल पारे ने परिजनों को गायत्री महामंत्र के अनुसार ईश्वर के गुणों की जानकारी देते हुए बताया कि भगवान प्राणस्वरूप, दुखनाशक, सुखस्वरूप, श्रेष्ठ, तेजस्वी, पापनाशक और देवस्वरूप गुणों का समुच्चय है। भगवान के इन गुणों को जीवन में धारण करने के लिए आपने स्वाध्याय को जीवन का अंग बनाने का परिजनों का आवाहन किया।

समारोह में वरिष्ठ परिजन बानप्रस्थी रमेश चंद्र लेवे एवं श्री रामचन्द्र पांचाल का हीरक वर्ष (75वें) में अभिनंदन किया गया। समारोह में परिजनों से चर्चा करते हुए उज्जैन उपझोन समन्वयक महेश आचार्य ने बताया कि वंदनीया माताजी और अखंड दीप के शताब्दी वर्ष में युग निर्माण सतसंकल्प के पोस्टर ,बैनर सार्वजनिक स्थानों पर लगाने तथा के पाकेट साइज के प्रिंट लोगों में वितरण का कार्य प्रमुखता से किया जा रहा है, आप सभी को इसे अभियान के रूप में चलना चाहिए। जिला सामान्य व्यक्ति नरेंद्र सिंह सिकरवार में जिले में इन दिनों चलाई जा रहीं गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन अनिल राजपुरोहित ने किया। आभार प्रवीण दुबे ने व्यक्त किया।

# विमान हादसे में दिवंगतों की याद में हरिओम शांतिवन में रोपे 300 पौधे



उज्जैन। वृक्षमित्र समिति के लक्ष्य सिंहस्थ के पूर्व लगे एक लाख वृक्ष। इस कड़ी में 15 जून को कीठोदाराव बराज, ग्राम निनोरा में हरिओम शांति वन का नव निर्माण किया गया। यहां विमान हादसे में दिवंगतों की याद में 300 पौधों का रोपण किया गया। तार जाली फेंसिंग कर 1500 पौधे लगाने के लिए सुरक्षित स्थान इंडियन अकादमी ऑफ पीडियाट्रिक्स उज्जैन इकाई के सहयोग से संपन्न हुआ।

समिति अध्यक्ष अजय भातखंडे ने बताया खुशी हो या ग़म पौधे लगाए हरदम। इस अवसर पर वृक्षमित्र अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष दीपक चौधरी, जनपद सीईओ संदीप यादव, कीर्ति पटवर्धन, आईएपी अध्यक्ष डॉ आशीष पाठक, गोपाल जायसवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ. आशीष पाठक ने कहा वृक्षमित्र सेवा समिति के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करना सुखद है। वृक्षमित्र याने पौधे से पेड़ बनने की गारंटी है। इस अवसर पर सीईओ संदीप यादव ने कहा जल्द ही वृक्षमित्र सेवा समिति के सघन वन मॉडल को अन्य पंचायतों में लागू कर सभी 129 पंचायतों में सघन वन का निर्माण कराएगें । आपने मनरेगा के द्वारा समिति को 1200 पौधे देने की घोषणा की। आज पितृ दिवस के उपलक्ष्य में श्रीमती शुभदा एवं सुभाष साकोरीकार ने अपने माता पिता की स्मृति में वाटिका निर्माण हेतु समिति को 51,000/ आर्थिक सहयोग की घोषणा की। विशेष रूप से डॉ. एमडी शर्मा, डॉ रत्ना खालसा, डॉ जगदीश मांदलिया, डॉ मालवीय, डॉ श्रेया श्रीवास्तव, डॉ मित्तल, राजेश शर्मा, सुदर्शन कौर, ब्रजेश राठी, गोपाल महाकाल, मधु गुप्ता, डॉ संध्या सक्सेना, प्रवीण गार्गव और बड़ी संख्या में वृक्षमित्र और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# लायन्स क्लब उज्जैन डायनामिक की नवीन कार्यकारिणी का गठन



उज्जैन। लायन्स क्लब उज्जैन डायनामिक की साधारण सभा में सर्वानुमति से लायनवाद वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमे लायन आनंद माहेश्वरी को अध्यक्ष, लायन घनश्याम मारू को सचिव, लायन अनिल गुप्ता को कोषाध्यक्ष एवं लायन राजीव गर्ग को प्रथम उपाध्यक्ष पद हेतु मनोनीत किया गया। नामिनेशन कमेटी के लायन संजय जैन (खली), लायन अजय जसोरिया, लायन राजेश गर्ग एवं लायन उमाशंकर पाटीदार द्वारा इन सदस्यों को सर्वानुमति से मनोनीत किया।

# काव्यांजलि फेसबुक साहित्य समुह के स्थापना दिवस पर हुई काव्य संध्या, सम्मान समारोह



उज्जैन। विश्व रक्तदाता दिवस पर काव्यांजलि फेसबुक साहित्य समूह के स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने पर राम जानकी मंदिर,श्री धाम आश्रम, नील गंगा पर काव्य संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

संयोजक राकेश जैन ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार सुगनचंद जैन ने की। विशेष अतिथि कवयित्री संगीता तल्लैरा के आतिथ्य में फेसबुक साहित्य समूह द्वारा साहित्य संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार संदीप सृजन को साहित्य के क्षेत्र में काव्य की सभी विधाओं में दोहा, गजल, छंद, गीत आदि श्रेष्ठ रचनात्मक शैली को रेखांकित करते हुए उन्हें ÷काव्य गौरव सम्मान÷ से सम्मानित किया गया। साथ ही प्रसिद्ध गजलकार अशोक रक्ताले ÷फणिन्द्र÷ को समुह में सक्रिय सेवा प्रदान करने के लिए ÷छंद रत्न सम्मान÷ प्रदान किया गया। विचार क्रांति ÷साहित्य मंच के संयोजक अनिल पांचाल सेवक के संचालन में डॉ अखिलेश चौरे, डॉ अमरीश जैन, अक्षय चवरे, परमानंद चमन, राकेश चौरडिया, योगेन्द्र बैनाड़ा, सत्य नारायण नाटाणी, अमित जैन, दिलीप जोशी, अजय शर्मा, तरुण उपाध्याय, खुशबू बाफना, अर्चना बाफना, अखिलेश व्यास, हर्ष सैनी, सुदीप जैन, शुभम् शर्मा आदि ने काव्यपाठ किया। राकेश जैन एवं प्रियंका जैन द्वारा सभी कवियों का माला एवं दुपट्टा ओढाकर सम्मान किया गया।

समता साहित्य अकादमी द्वारा शहर के वरिष्ठ ओज कवि गीतकार डॉ रमेशचन्द्र चांगेसिया को म.प्र. प्रांताध्यक्ष नियुक्ति पर सभी कवि मित्रों ने

# 101 दीपों से भगवान झूलेलाल की महाआरती कर हुआ 12 दिवसीय सिंधी भाषा प्रशिक्षण शिविर का समापन



उज्जैन। भारतीय सिंधु सभा उज्जैन की सभी शाखाओं के सहयोग से सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा 3 जून से 14 जून तक झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी में बच्चों के लिए सिंधी भाषा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। 12 दिवसीय शिविर का समापन 101 दीपों के साथ झूलेलाल की महा आरती कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी महेश परियानी, विशेष अतिथि उज्जैन सेवा भारती अध्यक्ष ऑक्सफोर्ड जूनियर कॉलेज के संचालक डॉ सुनील खत्री, रमेश समदानी, प्रताप रोहरा, महेश गंगवानी, दौलत खेमचंदानी, कुमार किशन रहे। सभी अतिथियों का अध्यक्ष रमेश गजरानी, राजकुमार परसवानी, राष्ट्रीय पदाधिकारी पुष्पा कोटवानी, प्रदेश सचिव डॉ मीना वाधवानी, अध्यक्ष स्वाति गजरानी, साहिति पंचायत के अध्यक्ष दीपक बेलानी, पूर्व पार्षद रिंकू बेलानी, गोपी राजवानी, भारती सनमुखानी, दीपा बासवानी, नेहा मोटवानी, किशोर मुलानी, रितेश लालवानी, हर्षा नानवानी, पूनम वसनानी के द्वारा किया गया। इस दौरान अहमदाबाद से लंदन जाने वाले प्लेन क्रैश में हुई यात्रियों की दुखद मृत्यु पर शोक व्यक्त कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी बच्चों से सिंधी सीखने के संदर्भ में चर्चाएं की गई। विशेष रूप से सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वाले तथा 11वे दिन दी गई परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सीनियर ग्रुप में योगिता रोचवानी, भावना मोटवानी, कृतिका पेशवानी तथा जूनियर ग्रुप में पहल परसवानी, डिंपल खानचंदानी, लविषा शर्मा तथा खुशी परसवानी को पुरस्कार दिया गया। चिमन दास लखानी, डॉ मीना वाधवानी, रमेश गजरानी, कुमार किशन, दिव्या धनवानी ने 12 दिन में होने वाले सिंधी भाषा शिविर की सभी गतिविधियों के बारे मे बताया। कार्यक्रम में शोभा शर्मा, वीना परसवानी, रजनी राजदेव, तुलसी रजवानी, जेठानंद जयसिंघानी, मोहन रजवानी, दीपा खत्री, सोनिया शर्मा आदि मौजूद रहे। अंत में चिमनदास लखानी का सभी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम को रोचक एवं शानदार बनाने के लिए बच्चों की प्रस्तुति दी तथा 101 दीपों के साथ झूलेलाल की महा आरती की गई। अंत में स्वल्पाहार के साथ बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए।

# गुर्जरगौड़ ब्राह्मण फीगंज के राजेंद्र तिवारी दोबारा निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए



उज्जैन। महर्षि गौतम समाजोत्थान न्यास फीगंज की साधारण सभा की बैठक रविवार को प्रशांति गार्डन इंदौररोड उज्जैन में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद व्यास, विशेष अतिथि अखिल भारतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के प्रांतीय अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, अखिल भारतीय महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती रानी व्यास, न्यास के संरक्षक नरेन्द्र व्यास, श्रीमती लक्ष्मी तिवारी, डॉ. ओम प्रकाश व्यास, राष्ट्रीय सचिव प्रदीप तिवारी, डॉ. मनोहर जोशी थे। स्वागत भाषण के साथ पिछले 5 वर्ष की गतिविधियां न्यास के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने प्रस्तुत की। प्रारंभ में गौतम संस्कार केंद्र के छात्रों ने सुमधुर स्वागत गीत सुनाया। न्यास सचिव मनोज व्यास ने आय-व्यय पत्रक का वाचन किया।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com